पाठ १४ एक बुढिया

प्रश्न १ बिना नामवाली बुढ़िया का कोई नाम रखो।

उत्तर - उस बुढिया का नाम गंगा रख सकते हैं

प्रश्न २ वह दिन भर खाली रहती थी। उसके लिए कुछ काम सुझाओ।

उत्तर - वह घर के सभी काम कर सकती है ,जिसमें घर की सफाई ,झाड़ू पोचा हो सकता है। वह खाना बना सकती है। खाना बनाने के लिए आटा चावल ,दाल सब्जी लेने बाज़ार जा सकती है ,वह अपने घर के बगीचे की देखभाल कर सकती है ,चिड़िया को दाना खिला सकती है .वह पौधो को पानी दे सकती है और घर में पीने का पानी भर कर रख सकती है

प्रश्न ३ तुम्हारे घर में सबसे ज्यादा काम कौन करता है ?

उत्तर - मेरे घर में सबसे ज्यादा काम मेरी माँ करती है .

प्रश्न ४ तुम्हारे घर में सबसे ज्यादा आराम कौन करता है?

उत्तर - मेरे घर में सबसे ज्यादा आराम मेरी छोटी बहन करती है